>

Title: Need to open a Passport Seva Kendra in Bikaner, Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): भारत सरकार ने पासपोर्ट सेवा को विकेन्द्रीकृत करने की दृष्टि से एक राज्य में राजधानी के अतिरिक्त अन्य स्थानों के लिए पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने का निर्णय किया है। इसी शृंखला में राजस्थान में जयपुर के अतिरिक्त जोधपुर और सीकर में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोले गए हैं। मैं बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं तथा बीकानेर एक संभाग मुख्यालय भी है। बीकानेर क्षेत्र के लोगों को पासपोर्ट जारी करवाने के लिए सीकर आना पड़ेगा, जबकि सीकर एवं जयपुर की दूरी केवल 110 किलोमीटर ही है और बीकानेर व सीकर के बीच की दूरी 220 किलोमीटर है तथा यदि श्रीगंगानगर की दूरी देखी जाए तो सीकर 460 किलोमीटर दूर पड़ता है। यदि बीकानेर संभाग के लोगों को यह सुविधा देनी ही है तो पासपोर्ट सेवा केन्द्र का कार्यालय बीकानेर में ही खुलना चाहिए जिससे श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चुरू एवं नागौर जिले के नागरिकों को भौगोलिक दूरी कम होने की वजह से लाभ प्राप्त हो सके। बीकानेर को सीकर के साथ जोड़ने का कोई औचित्य नहीं है। यदि बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू व नागौर के पासपोर्ट धारकों की संख्या की जानकारी करेंगे तो यह संख्या भी सीकर जिले के पासपोर्ट धारकों से अधिक रहेगी और बीकानेर भौगोलिक दृष्टि से इन पांचों जिलों के केन्द्र में स्थित है।

अतः मैं भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से मांग करता हूं कि पासपोर्ट सेवा केन्द्र बीकानेर में पुनः चालू किया जावे जिससे राजस्थान के सभी निवासियों को विकेन्द्रीकृत पासपोर्ट सेवा का लाभ प्राप्त हो सके।